बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 07 नवम्बर, 2025

- दिनांक 06.11.2025 को बिहार राज्य के 18 जिलों के 121 विधानसभा आम निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मतदान में अंतिम मतदान प्रतिशत 65.08 प्रतिशत दर्ज हुआ है। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2020 में राज्य का औसत मतदान प्रतिशत 57.29 तथा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में यह 56.28 था।
  ऐसे में पिछले दो आम निर्वाचनों की तुलना में मतदान प्रतिशत की कुल बढ़ोत्तरी निम्नवत रही है।

| पूर्व के आम निर्वाचन | मतदान प्रतिशत | बिहार विधान आम निर्वाचन, 2025 का मतदान प्रतिशत | कुल बढ़ोत्तरी |
|---|---|---|---|
| बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2020 | 57.29% | 65.08% | 7.79 % |
| लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 | 56.28% | 65.08% | 8.8% |

- प्रथम चरण के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्क्रूटिनी की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में नियमानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। Scrutiny में सभी जिलों में कुल 83 अभ्यर्थी एवं 385 निर्वाचन अभिकर्त्ता सम्मिलित हुए। इस तरह से यह कुल संख्या 468 रही। किसी भी मतदान केंद्र से पुनः मतदान (री–पोल) की कोई आवश्यकता नहीं पाई गई है तथा इस संबंध में कोई प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।
- मतदान में उपयोग किए गए सभी EVM (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं VVPAT सहित) को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के साथ संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रॉन्ग रूम में विधिवत रूप से सील कर सुरक्षित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 24 X 7 CCTV आदि प्रावधान सुनिश्चित किये गये है।
- मॉक पोल के दौरान खराब पाये गये एवं सुरक्षित बची हुई अन्य ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट को आयोग के निदेशानुसार अयन्त्र चिन्हित स्ट्राँग रूम में निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत रखा गया है।
- निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप से सूचित किया गया है कि वे अपने प्रतिनिधियों को Polled EVM Strong Room की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु नियुक्त कर सकते है, उन्हें सुरक्षा के आंतरिक परिधि क्षेत्र से बाहर रहने की अनुमति दी गयी है। स्ट्राँग रूम का CCTV Display भी अभ्यर्थियों/प्रतिनिधियों के लिए उपलब्ध कराया गया है।
- उल्लेखनीय है कि मतगणना दिनांक 14 नवम्बर, 2025 को निर्धारित है। प्रथम चरण में सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रहा।
- वेबकास्टिंग की प्रभावी व्यवस्था के कारण मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई।
- महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। दिव्यांग (PwD) मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैंप, सुगम पहुँच तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।

- EVM-VVPAT की कार्यप्रणाली सर्वत्र सुचारु और निर्बाध रही और किसी भी मतदान केंद्र पर मशीनों की व्यवस्थित कार्यवाही में कोई अवरोध नहीं आया।
- आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने हेतु सूक्ष्म निगरानी की गई तथा सभी जिलों में मतदान दलों, सुरक्षा बलों एवं प्रशासनिक तंत्र ने उत्कृष्ट समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। सोशल मीडिया, नियंत्रण कक्ष और शिकायत निवारण तंत्र सक्रिय रहे तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया।
- भारत निर्वाचन आयोग एवं इस कार्यालय द्वारा बिहार के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व के पहले चरण के मतदान में पूरे उत्साह से सहभागिता करने एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया जाता है।

***************